## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में जनजातीय परामर्शदात्री समिति की बैठक जारी, राजस्व बढ़ाने समेत आदिवासियों के विभिन्न मुद्दों पर लिये जायेंगे निर्णय।**
2. **छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के आबुझमाड़ इलाके में नक्सल ऑपरेशन में 26 नक्सली ढेर, एक जवान भी शहीद।**
3. **राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर झारखंड के लिए जल जीवन मिशन की राशि जल्द जारी करने की मांग की।**
4. **मौसम विभाग ने झारखंड में मॉनसून के समय से पहले 10–12 जून तक आने की जतायी संभावना, खरीफ की फसल के लिए होगा लाभदायक।**
5. **रांची जिला कबड्डी संघ कल से रांची में 10 दिवसीय निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का करेगा आयोजन।**

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर बारह बजे से प्रोजेक्ट भवन में जनजातीय परामर्शदात्री समिति– टीएसी की बैठक जारी है। बैठक में राजस्व बढ़ाने, आदिवासी हितों से जुड़े मुद्दों के अलावा शेड्यूल एरिया के नगर निकायों में स्टैंडिंग कमेटी की शक्तियों को सीमित करने पर निर्णय लेने की संभावना है।

*********************

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के आबुझमाड़ इलाके में डीआरजी जवानों की आज सुबह से ही नक्सलियों के साथ मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में 26 से अधिक नक्सलियों के मारे गये हैं जबकि एक जवान के शहीद होने की खबर है। मारे गये नक्सलियों में बड़े कैडर के नक्सली भी शामिल हैं।

*********************

राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर राज्य में प्रायोजित जल जीवन मिशन के सफल संचालन को लेकर शीघ्र पहल करने की मांग की है। मंत्री श्री प्रसाद ने योजना के लेकर वित्तवर्ष 2025–26 में केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि जल्द जारी करने का आग्रह किया है। श्री प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार से वित्त वर्ष 2024–2025 में इस मद में 2 हजार 114 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है, लेकिन अबतक 70 करोड़ रूपये ही मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने राशि जल्द जारी करने का भरोसा दिया।

*********************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बीच राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

*********************

राज्य के करीब 25 हजार 300 जन वितरण प्रणाली की दुकानों में 4जी ई–पॉस मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने सभी पीडीएस दुकानों में टू जी की जगह फोर जी ई–पॉस मशीन बदलने के लिए टेंडर जारी किया है।

********************

गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ ने अध्विक्ता स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना के लिए नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार का आभार जताया है। संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने कहा कि बीमा योजना लाने में इनकी अहम भूमिका है। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने बार भवन के लिए जेनरेटर देने की घोषणा की।

********************

कोडरमा जिले के 811 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 316 आंगनबाड़ी केंद्रों को इस वित्तीय वर्ष में सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में विकसित किया जायेगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

कोडरमा में योग सेवा क्रांति की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें दो पहिया और चार पहिया वाहनों का ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के प्रदीप सुमन ने बताया कि एक महीने में 1000 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है।

********************

- खेल निदेशालय रांची जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नए खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द शुरू करेगा। लगभग 70 आवेदनों में से 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची तैयार कर ली गयी है।
- खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों ने मजदूरों पर हमला करने का प्रयास किया। मजदूरों ने किसी तरह अपनी जान बचायी।
- ********************

झारखंड में इस बार मॉनसून के समय से पहले 10–12 जून तक आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार केरल में मॉनसून के 25–27 मई तक दस्तक देने की परिस्थितियां सक्रिय रूप से बनी हुई हैं।

********************

रांची जिला कबड्डी संघ की ओर से कल से 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कबड्डी का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयपाल सिंह स्टेडियम खेल कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है।

**उधर** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स–2025 में झारखंड के चतरा की फुटबॉल खिलाड़ी पूनम खलखो ने अपनी टीम को गोल्ड मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। पूनम ने इस जीत को राज्य का गौरव बताया है।

********************